# कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम, परिक्षेत्र बांदा।

## -:प्रेस नोट:-

**पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा की गई अपराध समीक्षा बैठक।**

आज दिनांक 30.10.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. की अध्यक्षता में परिक्षेत्र के पुलिस अधीक्षकों के साथ अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रचलित अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 में कार्यवाही के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परिक्षेत्र के सभी जिलों में घटित अपराधों की समीक्षा की गई। हत्या, लूट, चोरी, महिला अपराध, साइबर अपराध, यातायात दुर्घटनाएं तथा भ्रामक खबरों को रोकने व जनता की शिकायतों का त्वरित व प्रभावी रुप से निस्तारण किया जाए। आई0जी0आर0एस0 से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए। वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराया जाए।

* महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रचलित अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 में कार्यवाही के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

* साइबर अपराध पर अंकुश लगाने हेतु सभी जनपदों में संचालित साइबर थानों द्वारा त्वरित कार्यवाही एवं आमजन को जागरुक करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश।

* अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही, गैगस्टर अधि0 व गुंडा अधिनियम की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

* ऑपरेशन त्रिनेत्र/दृष्टि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश।

* गंभीर अपराधों की विवेचना में गुणवत्ता एव समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।

* संवेदनशील स्थानों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था व पैदल गस्त किया जाए।

* प्रचलित अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन में कार्यवाही के संबंध में और लम्बित प्रारम्भिक जांच एवं विभागीय जाँच कर कार्यवाही के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश-दिए।

गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डॉ0 दीक्षा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह मौजूद रहे।